अति तत्काल

संख्या- 2/(7)/2022/रक्षा (समारोह)
भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय

1, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली
दिनांक 24.05.2022

सेवा में

राष्ट्रपति के सचिव
उप राष्ट्रपति के सचिव
प्रधान मंत्री के सचिव
सचिव (समन्वय), मंत्रिमंडल सचिवालय
महासचिव, राज्य सभा सचिवालय
महासचिव, लोक सभा सचिवालय
सचिव, भारत सरकार के सभी मंत्रालय / विभाग
सदस्य सचिव, नीति आयोग
सचिव, भारतीय निर्वाचन आयोग
महासचिव, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग
सचिव, संघ लोक सेवा आयोग
सचिव, केंद्रीय सतर्कता आयोग
पंजीयक, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
पंजीयक (प्रशा), भारत के सर्वोच्च न्यायालय
पंजीयक (प्रशा), दिल्ली उच्च न्यायालय
भारत के उप नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक
राष्ट्रीय सुरक्षा उप सलाहकार

विषय: **15 अगस्त, 2022 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह- निमंत्रण पत्र जारी करने के बारे में।**

महोदय / महोदया,

15 अगस्त, 2022 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह के लिए पिछले वर्ष की भांति निमंत्रण पत्र जारी किए जायेंगे। अनुरोध है कि कृपया अपने कार्यालयों, संबद्ध तथा अधीनस्थ कार्यालयों, कमीशन, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत निकायों आदि जो दिल्ली में हैं, के अवर सचिव और उनके ऊपर के स्तर के अधिकारियों तथा उनके समकक्ष स्तर के अधिकारियों के नाम (अंग्रेजी और हिन्दी में) संलग्न प्रोफोर्मा के अनुसार चार प्रतियों में 15 जून,2022 तक इस मंत्रालय को भेज दें। अधिकारियों की प्रत्येक श्रेणी जैसे अवर सचिव, उप सचिव/ निदेशक, संयुक्त सचिव, अपर सचिव, सचिव और समकक्ष की विधिवत रूप से वर्णक्रमानुसार अलग-अलग सूचियां भेजें। सचिव और उसके ऊपर के रैंक के अधिकारियों के संबंध में 'टेबल ऑफ प्रेसीडेन्स' के अनुच्छेद में प्रविष्टि की तारीख का अवश्य उल्लेख करें। संबद्ध / अधीनस्थ कार्यालयों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि के अधिकारियों के नामों की सूचियां की जांच और उन्हें समेकित करने के कार्य संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा किया जाये तथा ये सूचियां एक ही बार में भेजी जाए।

2. गृह मंत्रालय द्वारा जारी वरीयता सारिणी में व्यक्ति के स्थान के आधार पर निमंत्रण पत्र जारी किये जाते है / बैठने की व्यवस्था की जाती है। अत: वरीयता सारिणी (अनुच्छेद 23 और उससे आगे) में स्थान पाने वाले गणमान्य वृयक्तियों /अधिकारियों का ब्यौरा, वरीयता सारिणी में उनके स्थान के अनुसार, गणमान्य व्यक्तियों / अधिकारियों के सूची में शामिल किये जाने के लिए गृह मंत्रालय (लोक अनुभाग) को भेजे जायेजो बैठने की व्यवस्था करने का आधार होगा। इस प्रयोजनार्थ गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गयी अधिप्रमाणित सूची में गणमान्य व्यक्तियों / अधिकारियों के नाम न होने पर उन्हें समुचित स्थान पर बैठाना संभव नहीं होगा।

3. यदि अवर सचिव के निचले रैंकों के अधिकारी इस समारोह को देखने के इच्छुक हों तो ऐसे अधिकारियों के ब्योरे की सूचियां अलग से भेजी जा सकती हैं। सीटों के उपलब्ध होने पर ही ऐसे अनुरोध पर विचार किया जाएगा।

4. संभव है कि स्वतंत्रता दिवस के समय आपके मंत्रालय के कार्य से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण सरकारी या गैर सरकारी व्यक्ति दिल्ली के दौरे पर हों। उनमें से जो भी यह समारोह देखने के इच्छुक हों, उनके नामों की सूची तथा उनके स्तरों से संबंधित सूचना अर्थात् विभाग के सचिव, संयुक्त सचिव की तुलना में तथा इस बात की सूचना कि क्या वे अपनी पत्नी/पति के साथ आएंगे, भी भेजी जाए। ऐसे मेहमानों के लिए अनुरोधों पर उपयुक्त बाडों में सीटों के उपलब्ध होने पर ही विचार किया जाएगा।

5. विगत में यह देखा गया है कि मंत्रालयों और अन्य कार्यालयों से अनुपूरक सूचियां प्राप्त होती हैं। इस सूचियों में से कुछ में इस मंत्रालय द्वारा अपेक्षित संपूर्ण सूचना नहीं होती जिससे अनावश्यक विलंब और असुविधा होती है। इसलिये यह अनुरोध है कि जहां भी अपेक्षित हो इस मंत्रालय द्वारा निर्धारित प्रोफोर्मा में अपेक्षित पूर्ण सूचना सहित अंग्रेजी और हिन्दी की अनुपूरक सूचियां एक ही बार में हर हालत में 30 जून, 2022 से पहले इस मंत्रालय को भेज दी जाए। इस मंत्रालयके लिए उन सूचियों पर कार्रवाई करना कठिन होगा, जो निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त होंगी या जिसमें अपूर्ण सूचना होगी।

6. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों से यह भी अनुरोध है कि वे अपने मंत्रालय/विभाग से संबंधित आयोगों/समितियों, यदि कोई हो, के अध्यक्षऔर सदस्यों तथा उनमें कार्यरत अधिकारियों के नाम भी भेजें ताकि यह मंत्रालय उनके स्तर के अनुरूप उन्हें समुचित बाडों के लिए निमंत्रण पत्र जारी कर सकें।

7. अनुरोधहै कि प्रत्येक मंत्रालय /विभाग, संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय आदि द्वारानोडल अधिकारी नामित किया जाए और इस मंत्रालय को उनके कार्यालय तथा आवासीय पते और दूरभाष नंबर सहित उनका नाम भेज दें। मंत्रालय अथवा संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के अधिकारियों और उनके अतिथियों को निमंत्रण पत्र जारी करने के लिए सभी अनुरोध उस नोडल अधिकारी के माध्यम से भेजे जाएं। मंत्रालय /विभाग, संबद्ध / अधीनस्थ कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि में कार्यरत सभी अधिकारियों को तदनुसार उपयुक्त रूप से पत्र भेजे जाएं। मंत्रालय /विभाग, संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि से संबंधित सभी निमंत्रण पत्र नोडल अधिकारी को सौंपे जाएंगे।

8. अधिक जानकारी के लिए कृप्या रक्षा (समारोह), रक्षा मंत्रालय से दूरभाष संख्या 23012904 या 23016547 पर संपर्क करें।

भवदीय,

(एम पी गुप्ता)
निदेशक (समारोह)

**<u>प्रति प्रेषित:-</u>**

| | |
|---|---|
| रक्षा (स्थापना.।/ग्रुप.।) | रक्षा उत्पादन विभाग, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग, रक्षा वित्त सहित रक्षा मंत्रालय सचिवालय के अधिकारियों से संबंधित आवश्यक कार्यवाई हेतु। |
| मुख्य प्रशासन अधिकारी (समन्वय) | दिल्ली/नई दिल्ली स्थित सैन्य मुख्यालयों और अंतर सेवा संगठनों के सिविलियन अधिकारियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाई हेतु। |
| सशस्त्र बल अधिकरण | दिल्ली/नई दिल्ली स्थित कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों से संबंधित आवश्यक कार्यवाई हेतु। |
| सेना मुख्यालय/ए.जी. (सी डब्ल्यू-1)<br>नौसेना मुख्यालय/डीडीपीसी (समारोह)<br>वायुसेना मुख्यालय/डीडी ओर्ग/समारोह | दिल्ली/नई दिल्ली स्थित निम्न विरचनाओं के सेना अफसरों के संबंध में आवश्यक कार्यवाई हेतु |
| मुख्यालय आई डी एस | इस संगठन में कार्यरत सेना/सिविलियन अधिकारियों के संबंध में। |
| अनुसंधान एवं विकास संगठन/ पी एवं सी निदेशालय | इस संगठन में कार्यरत सेना/सिविलियन अधिकारियों के संबंध में। |

**<u>प्रति निम्नलिखित को भी प्रेषित:</u>**

जनसंपर्क निदेशालय (रक्षा)

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा महानिदेशालय
राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज
जे बी सी
रक्षा योजना स्टाफ
ए एफ एफ पी डी
रक्षा प्रदर्शनी संगठन
पुनर्वास महानिदेशालय

महा निदेशक (तटरक्षक)
नेशनल स्टेडियम, नई दिल्ली
गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय
राष्ट्रीय कैडेट कोर महानिदेशालय
केन्द्रीय सैनिक बोर्ड
आई डी एस ए
मुख्य सुरक्षा कार्यालय
योजनाएवं समन्वय निदेशालय
रडार एवं संचार परियोजना कार्यालय

महानिदेश, सीमा सड़क संगठन

विदेशी भाषा विद्यालय

डी जी (डी एल एण्ड सी )
इतिहास प्रभाग, रक्षा मंत्रालय
रक्षा संपदा निदेशालय
सी जी डी ए
रक्षा अग्नि अनुसंधान संस्थान
विशेष कार्य अधिकारी (निमंत्रण)

परिशिष्ट 'क'

प्रपत्र

(अवर सचिव तथा उससे उच्च अधिकारियों के संबंध में)

(चार प्रतियों में प्रस्तुत करें)

मंत्रालय/विभाग.......................................................... कार्यालय का पूरा पता एवं

स्थान............................................................................

कार्यालय ......................................................................

| पदनाम | नाम | इस ग्रेड में निरंतर नियुक्ति की तारीख (*) एवं टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में स्थान (अनुच्छेद नं.) | वेतनमान | | तैनाती के स्थान सहित कार्यालय का पता | विवाहित/ अविवाहित | आवासीय पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वेतन स्तर | मूल वेतन | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

| | |
|---|---|
| * यह केवल भारत सरकार के सचिव तथा उनके समकक्ष और इससे ऊपर के रैंक के अधिकारियों के संबंध में अपेक्षित है। ऐसे सभी व्यक्तियों के संबंध में जानकारी अर्थात उनका नाम, पदनाम, वेतन, टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में आने की तिथि तथा अनुच्छेद संख्या गृह मंत्रालय (पब्लिक अनुभाग) को भी भेजी जाए जिस से वे टेबल ऑफ प्रेसिडेंस में वरीयता/अनुच्छेद के अनुसार सत्यापति लिस्ट बनाकर रक्षा मंत्रालय को उपलब्ध करा सकें। | सूची भेजने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर<br><br>नाम (सपष्ट अक्षरों में)................................<br>पदनाम............................................<br>कार्यालय पता........................................<br>दूरभाष सं:<br>(कार्यालय).......................(आवास)................ |

परिशिष्ट 'ख'

प्रपत्र

(दिल्ली स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों /स्वायत्त निकायों के संबंध में)

(चार प्रतियों में प्रस्तुत करें)

मंत्रालय/विभाग.................................................. कार्यालय का पूरा पता एवं

स्थान.........................................................................

| नाम | पदनाम | वेतनमान | | अधिकारी का स्तर, संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों में अधिकारियों की तुलना में किस पद के समान हैं | तैनाती के स्थान सहित कार्यालय का पता | विवाहित/ अविवाहित | आवासीय पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वेतन स्तर | मूल वेतन | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

| | |
|---|---|
| कार्यालय<br>..........................................................................<br>'प्रमाणित किया जाता है कि कॉलम (5) में उल्लिखित अधिकारियों का स्तर सही है।'<br><br>संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय / विभाग के उप सचिव के<br><br>हस्ताक्षर व मोहर..............................................<br>दूरभाष सं:<br>(कार्यालय) ......................... (आवास) .................. | सूची भेजने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर<br><br>नाम (स्पष्ट अक्षरों में)..................................<br>पदनाम.................................................<br>कार्यालय पता...........................................<br>दूरभाष सं:<br>(कार्यालय) ......................... (आवास) .......... |

परिशिष्ट 'ग'

प्रपत्र
(आयोगों / समितियों के अध्यक्ष तथा सदस्य के संबंध में)
(चार प्रतियों में प्रस्तुत करें)

मंत्रालय/विभाग.............................................................
स्थान.......................................................................

कार्यालय का पूरा पता एवं

आयोग / समिति ...............................................................

| नाम | पदनाम | इस ग्रेड में निरंतर नियुक्ति की तारीख (*) | वेतनमान | | अधिकारी का स्तर, संबंधित प्रशासनिक मंत्रालयों में अधिकारियों की तुलना में किस पद के समान हैं | क्या पूर्वसूची में उल्लिखित है। | तैनाती के स्थान सहित कार्यालय का पता | विवाहित/ अविवाहित | आवासीय पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | वेतन स्तर | मूल वेतन | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | | | | | | | | | |

टिप्पणी : यदि कोई व्यक्ति किसी भी समय पूर्वसूची में किसी रैंक पर रहा हो तो कॉलम (8) में उसके द्वारा धारित रैंक व रैंक धारण की अवधि सहित उसका स्तर बताएं।

* यह केवल भारत सरकार के सचिवों के समकक्ष तथा इससे ऊपर के स्तर के अधिकारियों के संबंध में अपेक्षित है।

**'प्रमाणित किया जाता है कि कॉलम (6) में उल्लिखित अधिकारियों का स्तर सही है'**

संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय / विभाग के उप सचिव के

हस्ताक्षर व
मोहर.......................................
दूरभाष सं:
(कार्यालय) ....................... (आवास) ................

सूची भेजने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम (सुपष्ट अक्षरों में) ...............................
पदनाम.......................................................
कार्यालय पता................................................
दूरभाष सं:
(कार्यालय) ....................... (आवास) ..............

परिशिष्ट 'घ'

प्रपत्र

(स्टाफ परिषद के अध्यक्ष / सचिवों के संबंध में)

(चार प्रतियों में प्रस्तुत करें)

मंत्रालय/विभाग.................................................... कार्यालय का पूरा पता एवं

स्थान..............................................................

कार्यालय...........................................................

| नाम व पद | स्टाफ परिषद में धारित पद | विवाहित/<br>अविवाहित | आवासीय पता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | | | |

सूची अग्रेषित करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर

नाम (सुपष्ट अक्षरों में)................................

पदनाम.............................................................

कार्यालय पता.....................................................

दूरभाष सं:

(कार्यालय)...................... (आवास)...............

**अति तत्काल**

संख्या- 2/(7)/2022/रक्षा (समारोह)
भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली 24th.05.2022

सेवा में

मुख्य सचिव,
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली,
सचिवालय, आई. पी. एस्टेट,
नई दिल्ली।

विषय: **15 अगस्त, 2022 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह- निमंत्रण पत्र जारी करने के बारे में।**

महोदय,

गत वर्षों की भांति यह निर्णय लिया गया है कि 15 अगस्त, 2022 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह को देखने के लिये प्रवेश निमंत्रण पत्रों द्वारा होगा। अत: आपसे अनुरोध है कि इस समारोह को देखने के इच्छुक दिल्ली प्रशासन और उससे संबद्ध, अधीनस्थ कार्यालयों तथा आयोगों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों, जो केन्द्र सरकार में अवर सचिव या उससे ऊपर के अधिकारियों के समकक्ष हों, के नामों की सूची, ब्योरे सहित हिन्दी में भेजने की कृपा करें ताकि उन्हें इस समारोह के निमंत्रण भेजे जा सकें। कृपया सूचियां संलग्न प्रपत्र में वर्णक्रमानुसार (अलग-अलग) **15 जून, 2022** तक भेज दें।

2. यदि दिल्ली प्रशासन के अधीनस्थ कार्यालयों में निचले रैंक के अधिकारी उक्त समारोह को देखने के इच्छुक हों तो उनके नाम की सूची अलग से भेजी जा सकती है।

3. कृपया राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के माननीय मंत्रियों एवं विधायकों, विशिष्ट नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वतंत्रता सेनानियों, स्थानीय और बाहर से आने वाले व्यक्तियों की सूचियां (तीन प्रतियों में) अलग-अलग तैयार करें और दिल्ली / नई दिल्ली के प्रमुख सार्वजनिक संस्थानों और संगठनों के पदाधिकारियों तथा उन अन्य गैर सरकारी व्यक्तियों की सूची भी भेज दें जिन्हें दिल्ली प्रशासन के मतानुसार 15 अगस्त, 2022 को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस ध्वजारोहण समारोह देखने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए। सूची में उल्लिखित प्रत्येक व्यक्ति के नाम के सामने उनका पूरा पता लिखा जाए ताकि निमंत्रण पत्र सही पते पर भेजा जा सके। विवाहित महिलाओं के मामले में अगर उनके पति उनके साथ आना चाहेंतो उनका नाम भी कोष्ठक में लिखा जाए। ऊपर उल्लिखित प्रमुख नागरिकों के नाम इस मंत्रालय को भेजी जाने वाली सूची में शामिल किए जाएं लेकिन इन प्रमुख नागरिकों तथा गैर सरकारी व्यक्तियोंके नामों की सूचियाँ अलग-अलग तैयार की जाएं।

4. **अधिक जानकारी के लिए कृप्या रक्षा (समारोह), रक्षा मंत्रालय से दूरभाष संख्या 2301 2904 या 2301 6547 पर संपर्क करें।**

भवदीय,

(एम पी गुप्ता)
निदेशक (समारोह)

**प्रतिलिपि:**

1) जनसंपर्क अधिकारी,
सूचना एवं प्रसार निदेशालय
ब्लॉक नं. 9, पुराना सचिवालय
दिल्ली-110054

2) विशेष कार्य अधिकारी (निमंत्रण), रक्षा मंत्रालय

अति तत्काल

रक्षा मंत्रालय
रक्षा (समारोह)

विषय: - 15 अगस्त,2022 को लाल किले पर ध्वजारोहण समारोह-2022

सैन्य मुख्यालयों से अनुरोध किया जाता है कि ध्वजारोहण-2022 में भाग लेने के लिए आमंत्रण पत्र जारी करने हेतु, दिल्ली एरिया मुख्यालय/ऑपरेशन कमाण्ड, आई.ए.एफ. पालम सहित, दिल्ली/नई दिल्ली में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल एवं उसके ऊपर के सैन्य अधिकारियों एवं उनके समकक्ष सिविल अधिकारियों के नामों की सूची (चार प्रतियों में), नीचे दिए गये निर्धारित प्रोफोर्मा पर, हिन्दी एवं अंग्रेजी में, इस मंत्रालय को दिनांक 15.6.2022 तक भेजें। विभिन्न श्रेणियों के अधिकारियों की सूची अलग-अलग भेजी जाए। कृपया ध्यान रखें कि सूची में उन अधिकारियों के नाम सम्मिलित न किये जाये जो प्रतिनियुक्ति पर किसी अन्य मंत्रालय/विभाग में कार्यरत् हैं, क्योंकि उनके नामों की सूची संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा भेजी जाएगी।

2. अगर कोई वरिष्ठ अधिकारी, स्वतंत्रता दिवस समारोह के मौके पर, किसी अन्य कारणवश दिल्ली में उपस्थित हो और समारोह में भाग लेने का इच्छुक हो, तो उसकी सूचना अतिशीघ्र दिनांक 15.7.2022 तक, उसी प्रोफोर्मा पर भेजी जाए।

3. प्रत्येक सैन्य मुख्यालय, दो कर्मचारियों सहित एक नोडल ऑफीसर को मनोनीत करे जिन्हें निमंत्रण कार्यालय परिसर में प्रवेश हेतु पहचान पत्र जारी किया जाएगा। सैन्य अधिकारियों / कर्मचारियों की सूची अमुक नोडल ऑफीसर के माध्यम से जारी की जाए। सभी निमंत्रण पत्र, उसी नोडल ऑफीसर को सौंप दिये जायेंगे, जिन्हें वह आगे संबंधित अधिकारी/आगन्तुक को जारी करेगा।

4. किसी भी तरह की जानकारी के लिए कृपया रक्षा (समारोह),रक्षा मंत्रालयसे दूरभाष संख्या-2301 2904 या 2301 6547 पर संपर्क करें।

महेन्द्र
(एम पी गुप्ता)
निदेशक (समारोह)

सेना मुख्यालय/ए.जी. (सी डब्ल्यू-1)
नौसेना मुख्यालय/डीडीपीसी (समारोह)
वायुसेना मुख्यालय/डीडी ओर्ग/समारोह
एकीकृत मुख्यालय रक्षा मंत्रालय/ एडमिन./क्वार्ड.

---

रक्षा मंत्रालय अ.वी.सं. 2/(7)/2022/रक्षा (समारोह) दिनांक 24th.05.2022

प्रतिलिपि:

विशेष डयूटी अधिकारी (निमंत्रण)

प्रोफोर्मा

| क्रम संख्या | नाम | रैंक एवं पदनाम | टेबल ऑफ प्रेसीडेन्स में रैंक, अगर हो तो | विवाहित/ अविवाहित | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

अति तत्काल

संख्या- 2(7)/2022/रक्षा (समारोह)
भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली 24th.05.2022

सेवा में

रजिस्ट्रार,
दिल्ली विश्वविद्यालय,
दिल्ली।

रजिस्ट्रार,
जामिया मिलिया विश्वविद्यालय,
जामिया मिलिया,
नई दिल्ली

रजिस्ट्रार,
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली

रजिस्ट्रार,
गुरू गोविंद सिंह इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली

रजिस्ट्रार (प्रशासन),
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त
विश्वविद्यालय,
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली- 110068

विषय: **15 अगस्त, 2022 को लाल किले पर स्वतंत्रता ध्वजारोहण समारोह।**

महोदय,

15 अगस्त, 2022 को लाल किले पर ध्वजारोहण समारोह के लिए निमंत्रण पत्र जारी किये जाने के संबंध में, कृपया इस मंत्रालय को विश्वविद्यालय में भारत सरकार के अवर सचिव के समकक्ष या उसके ऊपर के स्तर के अधिकारियों के नाम, संलग्न प्रपत्र के अनुसार (चार प्रतियों में), अंग्रेजी और हिन्दी में भेज दें ताकि निमंत्रण पत्र बनाए जा सके। बेहतर होगा कि विभिन्न श्रेणी के अधिकारियों की अलग-अलग सूची तैयार करके इस मंत्रालय को भेजी जाए। ये सूचियां इस मंत्रालय को यथाशीघ्र, परन्तु हर हालत में 15 जून,2022 से पहले, अवश्य भेज दें।

2. **अधिक जानकारी के लिए कृप्यारक्षा (समारोह), रक्षा मंत्रालय से दूरभाष संख्या 23012904 या 23016547 पर संपर्क करें।**

भवदीय,

महेन्द्र
(एम पी गुप्ता)
निदेशक (समारोह)

प्रतिलिपि:

विशेष कार्य अधिकारी (निमंत्रण), रक्षा मंत्रालय